ज़रा सिर खुजलाइए



भाग-2

पृष्ठ क्रमांक 8 से आगे

मान लीजिए पहली जोड़ी दस्तानों की अंदर की सतह '1ए' है और बाहरी सतह '1बी'। ऐसे ही दस्तानों की दूसरी जोड़ी की अंदर की सतह '2ए' और बाहरी सतह '2बी' है।

डॉक्टर अल्फा-अल्फा दोनों जोड़ी दस्ताने पहन लेते हैं - पहली जोड़ी के ऊपर ही दूसरी जोड़ी। उनके द्वारा ऑपरेशन करने पर सतहें '1ए' और '2बी' संक्रमित हो जाएंगी। सतह '1बी' और '2ए' जीवाणुरहित बनी रहेंगी।

उसके बाद दूसरा ऑपरेशन करने के लिए डॉक्टर बीटा-बीटा दस्तानों की दूसरी जोड़ी इस तरह पहनेंगे कि जीवाणु रहित हिस्सा '2ए' उनके हाथों को स्पर्श करे। तत्पश्चात तीसरा ऑपरेशन करने से पहले डॉक्टर गैमा-गैमा पहले दस्ताने को पलटकर पहनेंगे ताकि उसकी जीवाणु रहित सतह '1बी' उनके हाथ को स्पर्श करे।

जैसे ही डॉक्टर गैमा-गैमा ने अपना ऑपरेशन पूरा किया नर्स गुस्से से उन पर झल्ला पड़ी, "तुम सबको शर्म आनी चाहिए, अपना तो ख्याल रख लिया आप सबने परन्तु उस बिचारी मिस रोशनाई को तो भूल ही गए। अगर डॉक्टर अल्फा-अल्फा को फ्लू ज्वर है तो मिस रोशनाई भी उनके द्वारा संक्रमित दस्तानों की वजह से इस भस्मासुर फ्लू ज्वर को पकड़ लेंगी।"

"नर्स, क्या आपका कहना है कि ऐसी स्थिति से हम बच सकते थे?", डॉक्टर गैमा-गैमा ने पूछा।

"हां, यही कहना है मेरा", और नर्स ने एक तरीका सुझाया, जिससे न सिर्फ डॉक्टर सुरक्षित रहते परन्तु मिस रोशनाई को भी कोई खतरा नहीं होता।

- क्या सुझाव दिया होगा नर्स ने?

भाग 3 देखिए पृष्ठ 22 पर

अगर आपने शुरुआती भाग नहीं पढ़ा है तो देखिए पृष्ठ क्रमांक 8